s. No.	T. No.		Scheduled Compcsition Re-served	time-served	Total	Actural Run Reserved	Unreserved	Total
30.	40V406	Bilaspur-Chirmiri Passenger	4	5	9	3	5	
31.	407/408	Katni-Chirmiri Passenger	—	5	5	—	5	
32.	1 BBM/2 BBM	Mahendragarh-Bishrampur Passenger	—	5	5	—	5	
33.	I DDM/2 DDM	Durg-Dalli-Rajhara Passenger	—	5	5	—	4	
34.	3 DDM/4 DDM	Durg-Dalli-Rajhara Passenger	—	5	5	—	4	
35.	1 PB/2PB	Panbari-Bilaspur Local	—	5	5	—	5	
36.	9 DR/10 DR	Durg-Raipur Local	—	8	8	—	8	
37.	1 RB/2 RB	Bilaspur-Raipur Local	—	8	8	—	8	
38.	4 DRB/5 BR	Raipur-MEMU Local	—	8	8	—	8	
39.	1 DR/2 DR	Durg Local	—	8	8	—	8	
40.	5 DR/6 DR	Durg Local	—	8	8	—	8	
41.	7 DR/8 DR	Durg Local	—	8	8	—	8	
42.	3 DR	Raipur local	—	8	8	—	8	
	TOTAL 82							

दुमका होते हुए मन्दारहिल रामपुर रेलवे लाइन बिछाना

2729. **श्री जनार्दन यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि मन्दारिल से दुमका होते हुए रामपुर तक रेल लाइन बिछाने के लिए पांच करोड़ रूपए दिए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि रेल विभाग ने अभी तक भूमि का अधिग्रहण नहीं किया है, और

(ग) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त रेल लाइन बिछाने के लिए अभी तक कोई प्रावधान नहीं किया गया है, यदि हां तो, इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक) : (क) इस कार्य के लिए 1998-99 के बजट में 6 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है।

(ख) जी हां। अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण प्रगति पर है ।एक बार उक्त कार्य के पूरा होने तथा विस्तृत अनुमान स्वीकृत होने पर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

(ग) एक बार भूमि के उपलब्ध हो जाने पर ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

इन्दौर जयपुर रेलगाड़ी

2730. **श्री राधाकिशन मानवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 12 अगस्त, 1997 को आरम्भ की गई इन्दौर-जयपुर रेलगाड़ी जनवरी, 1998 से सप्ताह में तीन बार चल रही हैं, और

(ख) यदि हां, तो यात्रियो की सुविधा के रेल मंत्रालय द्वारा इन्दौर-जयपुर रेलगाड़ी को प्रतिदिन चलाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?